भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1445**

जिसका उत्तर 13.02.2025 को दिया जाना है

**शाहजहांपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग का चौड़ीकरण**

1445.श्री अरुण कुमार सागर:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों की मरम्मत और उन्हें चौड़ा करने के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त कार्यों के लिए कितनी धनराशि आबंटित की गई है;

(ग) क्या उक्त कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चल रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) उक्त कार्य को समय पर पूरा करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) राष्ट्रीय राजमार्गों (रारा) का विकास और रखरखाव एक सतत प्रक्रिया है। रारा पर कार्य पारस्परिक प्राथमिकता**,** यातायात सघनता और पीएम गति शक्ति ढांचे (फ्रेमवर्क) के साथ तालमेल के आधार पर किया जाता है ताकि रारा को यातायात योग्य स्थिति में बनाए रखा जा सके।

निधियों का आवंटन राज्य/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) के अनुसार किया जाता है**,** रारा के अनुसार नहीं किया जाता है। पिछले तीन वित्तीय वर्षों और चालू वित्तीय वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य के लिए रारा के विकास और रखरखाव के लिए आवंटित निधि और व्यय निम्नानुसार है:

| **वर्ष** | **आवंटन (करोड़ रु. में)** | **व्यय (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|
| 2021-22 | 13,944 | 13,944 |
| 2022-23 | 21,453 | 21,453 |
| 2023-24 | 28,114 | 28,114 |
| 2024-25* | 15,598 | 13,378 |

* 31.12.2024 तक

राष्ट्रीय राजमार्ग खंडों का रखरखाव और मरम्मत (एम एंड आर), जहां विकास कार्य शुरू हो चुके हैं या प्रचालन, रखरखाव और हस्तांतरण (ओएमटी) रियायतें/प्रचालन और रखरखाव (ओएंडएम) अनुबंध दे दिए गए हैं, वहां दोष देयता अवधि (डीएलपी)/रियायत अवधि के अंत तक की जिम्मेदारी संबंधित रियायतग्राहियों/ठेकेदारों की है।

शेष राष्ट्रीय राजमार्ग खंडों के लिए, सरकार ने कार्य-निष्पादन आधारित रखरखाव अनुबंध (पीबीएमसी) या अल्पकालिक रखरखाव अनुबंध के माध्यम से रखरखाव कार्य करने का नीतिगत निर्णय लिया है।

शाहजहांपुर जिले में किए जा रहे राष्ट्रीय राजमार्ग कार्यों तथा उनकी वर्तमान वास्तविक प्रगति का विवरण अनुबंध में संलग्न है।

सुधारात्मक कार्रवाई और इन कार्यों की प्रगति में तेजी लाने को सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकारों, कार्य-निष्पादन एजेंसियों (जैसे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और राज्य पीडब्ल्यूडी) और रियायतग्राहियों/ठेकेदारों के साथ विभिन्न स्तरों पर नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की जाती हैं। अन्य पहलों में भूमि अधिग्रहण में तेजी लाना, अधिग्रहित भूमि में बाधाओं को दूर करना, राज्य/केंद्र सरकार के संबंधित विभागों/संगठनों की सक्रिय भागीदारी के साथ विभिन्न स्वीकृतियां (जैसे सिंचाई विभाग, रेलवे से) शामिल हैं।

**अनुबंध**

**'शाहजहांपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग का चौड़ीकरण' के संबंध में श्री अरुण कुमार सागर द्वारा दिनांक 13.02.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1445 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**<u>शाहजहांपुर जिले में किए जा रहे राष्ट्रीय राजमार्ग कार्यों का विवरण</u>**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | टीपीसी/संस्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) | पूरा करने की नियत तिथि | पूरा करने की लक्षित तिथि | परियोजना की प्रगति (%) | टिप्पणियां |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ईपीसी आधार पर रारा-24 के बरेली सीतापुर के मौजूदा 4-लेन पर शेष 03 बड़े/छोटे पुलों और 01 वीयूपी तथा 2-लेन क्रॉस-फ्लाईओवर का निर्माण | 91.50 | 22.02.2025 | 31.03.2025 | 85 | भूमि अधिग्रहण के कारण विलंब हुआ। |
| 2 | रारा-731 के दो लेन वाले पलिया-खुटार खंड के किमी 0.000 से किमी 40.000 तक सुदृढ़ीकरण और सुधार कार्य (पैकेज-1ए) | 37.81 | 03.12.2024 | 31.03.2025 | 75 | क्षेत्र में भारी बाढ़ के कारण उत्पन्न अप्रत्याशित घटनाओं तथा कुछ कार्यों में परिवर्तन के कारण विलंब हुआ। |
| 3 | रारा-731 खुटार बाईपास के प्रारंभ से शाहजहांपुर बाईपास के प्रारंभ तक के किमी 40.000 से 88.750 तक मौजूदा सड़क का 2/4 लेन पीएस में सुधार और उन्नयन (पैकेज-I) | 762.62 | 02.02.2025 | 09.09.2025 | 75.5 | अधिग्रहित भूमि पर बाधाओं के कारण विलंब। |
| 4 | रारा-731 (पैकेज-2ए) के शाहजहांपुर बाईपास के प्रारंभ से शाहाबाद बाईपास के प्रारंभ तक किमी 88.750 से किमी 123.650 तक मौजूदा सड़क का 4 लेन पीएस तक सुधार और उन्नयन | 947.74 | 18.01.2026 | 31.03.2026 | 11.10 | बाढ़ और आरओडब्ल्यू में बाधाओं के कारण विलंब हुआ। |
| 5 | रारा-24 (नया रारा-30) के बरेली-सीतापुर खंड का किमी 262+000 से किमी 419+590 तक सुदृढ़ीकरण एवं सुधार | 315.61 | 11.03.2025 | 11.03.2025 | 90 | कोई विलंब नहीं |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | हरित राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारा परियोजना (जीरारासीपी) के अंतर्गत रारा-730सी (किमी 52.770 से किमी 114.00) के अल्लाहगंज-मीरनपुर कटरा खंड का पेव्ड शोल्डर सहित 2-लेन संरेखण में पुनर्स्थापन और उन्नयन (पैकेज-II) | 294.84 | 07.07.2024 | 27.02.2024 | 100 | निर्धारित समय से पहले पूर्ण |
| 7 | हरित राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारा परियोजना (जीरारासीपी) के तहत ईपीसी मोड पर विश्व बैंक की ऋण सहायता से उत्तर प्रदेश राज्य में रारा-730सी (किमी 114.000 से किमी 137.250) के मीरनपुर कटरा से रधैता खंड का पेव्ड शोल्डर सहित 2-लेन संरेखण में पुनर्स्थापन और उन्नयन (पैकेज-III) | 172.5 | 27.07.2024 | 30.09.2025 | 66 | 1. भूमि अधिग्रहण के कारण विलंब<br>2. रेलवे से डिजाइन और ड्राइंग के अनुमोदन में विलंब<br>3. सिंचाई विभाग से डिजाइन एवं ड्राइंग (जीएडी) के अनुमोदन में विलंब |
| 8 | वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए निष्पादन आधारित रखरखाव अनुबंध के तहत 80.14 किलोमीटर की कुल लंबाई में रारा -730 के किमी 0.000 से 82.000 (चै. 2.180 से 3.260 और चै. 30.840 से 31.620 तक को छोड़कर) तक का रखरखाव | 97.44 | 18.06.2029 | 18.06.2029 | 38 | कोई विलंब नहीं |
| 9 | वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए पीबीएमसी के तहत रारा-730ए के कुल 104.00 किमी लंबाई में किमी 0.000 से किमी 105.500 (चै. 15.500 से चै. 17.000 तक को छोड़कर) तक का रखरखाव | 128.67 | 18.06.2029 | 18.06.2029 | 27 | कोई विलंब नहीं |

*****